
**Kumari Vidyavati Anand D.A.V. College for Women, Karnal**

**Directly Managed by DAV College Managing Committee, New Delhi**
**Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra | Affiliated with UGC 2(f) 12(B)**
**ISO 50001, 14001, 9001 Certified**



# आर्य युवती परिषद् के सौजन्य से आयोजित
# आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह
## 19 – 25 मार्च, 2026
## कार्यक्रम विवरण

**19 मार्च 2026**

### विस्तृत व्याख्यान
समय: 10:30 बजे स्थान: कक्षा नं.-2
विषय: भारत के विकास में आर्य समाज का योगदान

**19 मार्च 2026**

### वैदिक भजन संध्या एवं नशामुक्ति शपथ
समय:4–5 बजे सायं स्थान:कॉलेज छात्रावास
विषय:आर्य समाज के भजन एवं नशा मुक्ति शपथ

**20 मार्च 2026**

### वैदिक भजन संध्या एवं नशामुक्ति शपथ
समय:4–5 बजे सायं स्थान:कॉलेज छात्रावास
विषय:आर्य समाज के भजन एवं नशा मुक्ति शपथ

**21 मार्च 2026**

### ऑनलाइन नारा लेखन प्रतियोगिता
विषय: आर्य समाज के नियम एवं महर्षि दयानंद सरस्वती की प्रसिद्ध पंक्तियाँ
यहाँ रजिस्टर करें: https://forms.gle/wJvLbagb79fpagJc9

**22 मार्च 2026**

### ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता
विषय: आर्य समाज के महान व्यक्तित्व
यहाँ रजिस्टर करें: https://forms.gle/hZz5hge7pAsmaxYS7

**23 मार्च 2026**

### ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता
विषय: भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में आर्य समाज का योगदान
यहाँ रजिस्टर करें: https://forms.gle/fgTzv9J7ZaVuMv2M6

**24 मार्च 2026**

### भाषण प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण
समय: 11:00 बजे स्थान: सेमिनार हॉल (विज्ञान संकाय)
विषय: नारी शिक्षा के क्षेत्र में आर्य समाज का योगदान

**25 मार्च 2026**

### बहुकुण्डीय यज्ञ
समय: प्रातः 10:00 बजे स्थान: आर्य समाज, सेक्टर-6, करनाल
आर्य समाज और डी.ए.वी. परिवार के यशस्वी मुखिया आर्यरत्न डॉ. पूनम सूरी
के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में यज्ञ

**प्राचार्या**
**श्रीमती मीनू शर्मा जी**

**संयोजिका**
**(डॉ. सुनीता)**
**सह-संयोजिका**
**(डॉ. स्वाति शर्मा)**

**सदस्याएँ**
**डॉ. ईशा**
**श्रीमती अंशुल**
**डॉ. सीमा रानी**
**डॉ. रितु**
**सुश्री विजेता**
**डॉ. सौम्या**
**डॉ. नीलम**

(19th March 2026)




Arya Yuvati Parishad welcoming respected Principal ma'am , Mrs Meenu Sharma Ji




Principal ma'am , Ms Meenu Sharma Ji Addressing students on the first day of Arya Samaj Sthapna Saptah




Principal ma'am , Ms Meenu Sharma Ji Addressing students on the first day of Arya Samaj Sthapna Saptah




Stage Secretary, Dr. Seema Rani facilitating the discussion




Students Participating in Vedic Bhajan Sandhya




Students taking the "Nasha Mukti Oath"

# Media Coverage of  Day 1 of Arya Samaaj Sthaapna Saptah

दैनिक भास्कर

करनाल भास्कर 20-03-2026

## छात्राओं में वैदिक मूल्यों के प्रति समझ विकसित की



करनाल | कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद के सौजन्य से आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में वैदिक मूल्यों, सामाजिक जागरूकता तथा राष्ट्र निर्माण में आर्य समाज के योगदान के प्रति समझ विकसित करना है। महाविद्यालय की प्राचार्य मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल की गई। उन्होंने कहा कि आर्य समाज के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हैं। उन्होंने कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करें। आर्य युवती परिषद की संयोजिका डॉ. सुनीता ने कहा कि आर्य समाज ने देश में शिक्षा, सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर सह-संयोजिका डॉ. स्वाति शर्मा, डॉ. ईशा, अंशुल, डॉ. सीमा रानी, डॉ. रितु, विजेता, डॉ. सौम्या, डॉ. नीलम मौजूद रहे।

**4 छात्रों का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन**

PUNJAB KESARI PANIPAT, Friday, 20 March 2026

## नारी शिक्षा, जाति–पाति उन्मूलन, स्वदेशी भावना को बढ़ावा देने में आर्य समाज का योगदान

करनाल, 19 मार्च (वर्मा): कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद के सौजन्य से आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है।

सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में वैदिक मूल्यों, सामाजिक जागरूकता तथा राष्ट्र निर्माण में आर्य समाज के योगदान के प्रति समझ विकसित करना है।

प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल की गई हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि आर्य समाज के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हैं।



छात्राओं को कार्यक्रम संबंधित जानकारी देती प्राचार्या।

भारत के विकास में आर्य समाज का योगदान विषय पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए आर्य युवती परिषद की संयोजिका डॉ. सुनीता ने अपने वक्तव्य में कहा कि आर्य समाज ने देश में शिक्षा, सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों ने समाज को अंधविश्वासों से मुक्त कर तर्क और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने नारी शिक्षा, जाति-पाति उन्मूलन और स्वदेशी भावना को बढ़ावा देने में आर्य समाज के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया। इसी दिन सायंकाल वैदिक भजन संध्या एवं नशामुक्ति शपथ का आयोजन किया गया, जो 20 मार्च को भी जारी रहा।

21 से 23 मार्च तक ऑनलाइन प्रतियोगिताओं नारा लेखन, पोस्टर निर्माण एवं निबंध लेखन का आयोजन किया जाएगा।

24 मार्च को नारी शिक्षा के क्षेत्र में आर्य समाज का योगदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

समापन दिवस 25 मार्च को सैक्टर-6 करनाल स्थित आर्य समाज मंदिर में बहुकुंडीय यज्ञ के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल संचालन आर्य युवती परिषद की संयोजिका डॉ. सुनीता एवं सह-संयोजिका डॉ. स्वाति शर्मा के नेतृत्व में किया जा रहा है।

रोहतक, शुक्रवार 20 मार्च 2026
haribhoomi.com

## आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह में छात्राओं को दिए वैदिक मूल्यों के संस्कार

- डीएवी महिला महाविद्यालय में सप्ताहभर चलेंगे शैक्षणिक, सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद के सौजन्य से आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में वैदिक मूल्यों, सामाजिक जागरूकता तथा राष्ट्र निर्माण में आर्य समाज के योगदान के प्रति समझ विकसित करना है। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह की शुरुआत उनके स्वागत भाषण से हुई। 'भारत के विकास में आर्य समाज का योगदान' विषय पर व्याख्यान देते हुए आर्य युवती परिषद की संयोजिका डॉ. सुनीता ने कहा कि आर्य समाज ने शिक्षा, सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों ने समाज को अंधविश्वासों से मुक्त कर सत्य और तर्क के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने नारी शिक्षा, जाति-पाति उन्मूलन और स्वदेशी भावना को बढ़ावा देने में आर्य समाज की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया।

दैनिक भास्कर, पानीपत, शुक्रवार, 20 मार्च, 2026

## छात्राओं में वैदिक मूल्यों के प्रति समझ विकसित की



करनाल | कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद के सौजन्य से आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में वैदिक मूल्यों, सामाजिक जागरूकता तथा राष्ट्र निर्माण में आर्य समाज के योगदान के प्रति समझ विकसित करना है। महाविद्यालय की प्राचार्य मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल की गई। उन्होंने कहा कि आर्य समाज के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हैं। उन्होंने कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करें। आर्य युवती परिषद की संयोजिका डॉ. सुनीता ने कहा कि आर्य समाज ने देश में शिक्षा, सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर सह-संयोजिका डॉ. स्वाति शर्मा, डॉ. ईशा, अंशुल, डॉ. सीमा रानी, डॉ. रितु, विजेता, डॉ. सौम्या, डॉ. नीलम मौजूद रहे।

दैनिक जागरण पानीपत, 20 मार्च, 2026

## छात्राओं में वैदिक मूल्यों के प्रति किया जागरूक

जासं • करनाल : रेलवे रोड स्थित कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद के सौजन्य से आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में वैदिक मूल्यों, सामाजिक जागरूकता तथा राष्ट्र निर्माण में आर्य समाज के योगदान के प्रति समझ विकसित करना है। प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधिया शामिल की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या के स्वागत भाषण से हुआ। आर्य समाज के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं।

(20th March 2026)




Students Participating in Vedic Bhajan Sandhya




Students Taking the “ Nasha Mukti Oath”

# Media Coverage of  Day 2 of Arya Samaaj Sthaapna Saptah

## डीएवी महिला महाविद्यालय में वैदिक भजन संध्या एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित



वैदिक भजन संध्या एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम में हिस्सा लेती छात्राएं।

करनाल, 20 मार्च (बिशपाल राणा): कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद्, नशा मुक्ति प्रकोष्ठ एवं छात्रावास समिति के सौजन्य से आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह के दूसरे दिन वैदिक भजन संध्या एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में आध्यात्मिकता को बढ़ावा देना तथा नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं भजनों के साथ हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बन गया। भजन संध्या के दौरान उपस्थित छात्राओं ने भक्ति में लीन होकर आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। इस अवसर पर प्राचार्या ने अपने संबोधन में आर्यसमाज की सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ आध्यात्मिकता भी हमारे लिए आवश्यक है। आर्यसमाज में वैदिक संध्या का विशेष महत्व है और जो हमें आध्यात्मिक मूल्यों अनुशासन एवं नैतिकता का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करती है, क्योंकि आध्यात्मिक मूल्यों से ही जीवन में अनुशासन, सदाचार और सकारात्मकता का विकास होता है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर समाज के लिए आदर्श नागरिक बनें। छात्राओं को बताया गया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए अत्यंत हानिकारक है तथा इससे दूर रहना ही एक स्वस्थ जीवन की कुंजी है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन आर्य युवती परिषद की संयोजिका डॉ. सुनीता एवं सह-संयोजिका डॉ. स्वाति शर्मा तथा नशा विरोधी प्रकोष्ठ एवं छात्रावास कमेटी की संयोजिक डॉ. अनुराधा नागिया, डॉ. दीप्ति शर्मा के नेतृत्व में किया गया। जिसमें प्राध्यापिका सदस्याएं डॉ. ईशा, अंशुल, डॉ. सीमा रानी, डॉ. रितु, विजेता, डॉ. सौम्या, डॉ. नीलम का सक्रिय सहयोग प्राप्त हो रहा है।

**हरिभूमि**

epaper.haribhoomi.com
Rohtak Karnal - 21 Mar 2026 - Page 2

## आर्य समाज स्थापना सप्ताह के तहत जागरूकता का दिया संदेश

### वैदिक भजन संध्या व नशा मुक्ति संकल्प कार्यक्रम आयोजित



**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में आर्य समाज स्थापना सप्ताह के अंतर्गत वैदिक भजन संध्या एवं नशा मुक्ति संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आध्यात्मिकता को बढ़ावा देना और नशे के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और भजनों के साथ हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। छात्राओं ने भक्ति भाव के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

प्राचार्या ने अपने संबोधन में आर्य समाज के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में आध्यात्मिकता, अनुशासन और नैतिकता का विशेष महत्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने और समाज के लिए आदर्श नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन आर्य युवती परिषद की संयोजिका ड सुनीता, सह-संयोजिका डा. स्वा शर्मा तथा नशा विरोधी प्रकोष्ठ ए छात्रावास समिति की संयोजिका ड अनुराधा नागिया और डा. दीप शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इ अवसर पर डा. ईशा, अंशुल, ड सीमा रानी, डा. रितु, विजेता, ड सौम्या और डा. नीलम का विशे सहयोग रहा।

**दैनिक भास्कर** करनाल भास्कर 21-03-2026

चांदना द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## विद्यार्थियों को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर समाज के लिए आदर्श नागरिक बनने की दी प्रेरणा

करनाल | कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद्, नशा मुक्ति प्रकोष्ठ एवं छात्रावास समिति के सौजन्य से आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह के दूसरे दिन वैदिक भजन संध्या एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में आध्यात्मिकता को बढ़ावा देना, नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाना रहा। शिक्षा के साथ साथ आध्यात्मिकता भी हमारे लिए आवश्यक है। इस अवसर



वैदिक भजन संध्या एवं नशा मुक्ति कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।

पर डॉ. सुनीता, डॉ. स्वाति शर्मा, डॉ. अनुराधा नागिया, डॉ. दीप्ति शर्मा, डॉ. ईशा, अंशुल, डॉ. सीमा रानी, डॉ. रितु, विजेता, डॉ. सौम्या, डॉ. नीलम व अन्य मौजूद रहे।

(24th March 2026)




Principal Ma'am , Ms. Meenu Sharma Ji Addressing gathering on Day 6 of Arya Samaaj Sthapna Saptah




Students Participating and expressing her views on "Naari Shiksha k Kshetra mein Arya Samaaj ka Yogdaan" in Speech Competition on Day 6 of Arya Samaaj Sthapna Saptah




Students expressing her views on "Naari Shiksha k Kshetra mein Arya Samaaj ka Yogdaan" in Speech Competition on Day 6 of Arya Samaaj Sthapna Saptah



Arya Yuvati Parishad with worthy Principal ma'am , Ms. Meenu Sharma Ji and respected judges –
Dr. Sangeeta Gorang Ji , Dr . Sushma Thakur Ji , Dr. Anju Narwal Ji and Dr. Punam Kundu Ji




Winners of Slogan Writing , Poster Making , Essay Writing and Speech Competition with Worthy Principal ma'am , judges and Arya Yuvati Parishad.

# Media Coverage of Day 6 of Arya Samaaj Sthaapna Saptah (24th March 2026)

दैनिक भास्कर करनाल भास्कर 25-03-2026

## महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद की ओर से प्रतियोगिताएं आयोजित

# ऑनलाइन नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रिया प्रथम, डिंपल द्वितीय और यशिका तृतीय स्थान पर रही

भास्कर न्यूज | करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद के सौजन्य से ऑनलाइन नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ऑनलाइन नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रिया ने पहला, डिंपल ने दूसरा, यशिका ने तीसरा तथा नन्दिनी ने चौथा स्थान प्राप्त किया। ऑनलाइन पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में तमन्ना ने पहला, प्रेरणा ने दूसरा तथा जश्नप्रीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



डीएवी पीजी कॉलेज में आयोजित समरोह में शामिल शिक्षक व प्रतिभागी।

ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रीति ने प्रथम, लवली ने द्वितीय तथा अनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में तुषाली ने पहला, लवली ने दूसरा तथा चिंकी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समारोह के छठे दिन भाषण प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया और विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा रहीं। आर्य युवती परिषद की संयोजिका डॉ. सुनीता सलारिया, डॉ. स्वाति शर्मा और सदस्याओं डॉ. इशा, अंशुल, सीमा, रीतू, विजेता, डॉ. सौम्या, नीलम ने प्राचार्या को हरा-भरा पौधा प्रदान कर सम्मानित कि[या।] प्राचार्या ने छात्राओं को आ[र्य] समाज के नियमों का पालन क[रने] के लिए प्रेरित करते हुए कहा [कि] छात्राओं को इस प्रकार [की] प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले[ना] चाहिए। नारा लेखन और पोस्[टर] बनाओ प्रतियोगिताओं के लि[ए] निर्णायक मंडल की भूमिका [डॉ.] संगीता गौरांग और डॉ. सुष[मा] ठाकुर ने निभाई। निबंध लेख[न] और भाषण प्रतियोगिताओं के लि[ए] निर्णायक मंडल की भूमिका [डॉ.] अंजू नरवाल और डॉ. पूनम कु[ंडु] ने निभाई। इन प्रतियोगिताओं [में] लगभग 150 छात्राओं ने भा[ग] लिया।

---

पौधा रोपित करते स्वयंसेवकों के साथ प्राचार्या अनीता जून।

# नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता

करनाल, 24 मार्च (वर्मा): कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद के सौजन्य से आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह के उपलक्ष्य में ऑनलाइन नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।



विजेता प्रतिभागियों के साथ कालेज प्रबंधन सदस्य।

समारोह के छठे दिन भाषण प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया और विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा रहीं।

आर्य युवती परिषद की संयोजिका डॉ. सुनीता सलारिया, डॉ. स्वाति शर्मा और सदस्याओं डॉ. इशा, अंशुल, सीमा, रीतू, विजेता, डॉ. सौम्या, नीलम ने प्राचार्या को हरा-भरा पौधा प्रदान कर सम्मानित किया। नारा लेखन और पोस्टर बनाओ प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ संगीता गौरांग और डॉ. सुषमा ठाकुर ने निभाई।

निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. अंजू नरवाल और डॉ. पूनम कुंडु ने निभाई। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 150 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे। ऑनलाइन नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रिया ने पहला, डिंपल ने दूसरा, यशिका ने तीसरा तथा नन्दिनी ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

ऑनलाइन पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में तमन्ना ने पहला, प्रेरणा ने दूसरा तथा जश्नप्रीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रीति ने प्रथम, लवली ने द्वितीय तथा अनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में तुषाली ने पहला, लवली ने दूसरा तथा चिंकी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

---

जाने वाली आढ़त को 40 रुपये प्रति ... को जाए। इस अवसर पर जिला

# नारा लेखन छात्राओं ने लिया भाग



प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित स्कूल स्टाफ • विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता • करनाल :** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद के सौजन्य से आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह के उपलक्ष्य में आनलाइन नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। समारोह के छठे दिन भाषण प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया और विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा रहीं। छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

---

नारियल चटनी या सांभर के साथ परोसें। -सुलोचना, वसंत विहार कालोनी

न्यूज डायरी

# ऑनलाइन नारा लेखन में प्रिया प्रथम

करनाल। कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में मंगलवार को आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह के उपलक्ष्य में ऑनलाइन नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन व भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। ऑनलाइन नारा लेखन में प्रिया प्रथम, डिंपल द्वितीय, यशिका तृतीय और नंदिनी चौथे स्थान पर रहीं। पोस्टर बनाओ में तमन्ना प्रथम, प्रेरणा द्वितीय और जश्नप्रीत तृतीय रहीं। निबंध लेखन में प्रीति प्रथम, लवली द्वितीय और अनु तृतीय तो भाषण में तुषाली पहले, लवली दूसरे और चिंकी तीसरे स्थान पर आईं। विजेताओं को प्रमाणपत्र और नकद राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिताओं में लगभग 150 छात्राओं ने भाग लिया। आर्य युवती परिषद की संयोजिका डॉ. सुनीता सलारिया, डॉ. स्वाति शर्मा व सदस्यों डॉ. इशा, अंशुल, सीमा, रीतू को पौधा प्रदान कर सम्मानित किया गया। संवाद

\

(25th March 2026)




Worthy Principal Ma'am Welcoming Shri Satyendra Mohar Kumar Ji at Arya Samaaj Mandir, Sector-6 Karnal




Worthy Principal Ma'am Welcoming Shri Anand Arya Ji at Arya Samaaj Mandir, Sector-6 Karnal




Glimpses of Bhajan During Bahu Kundiya Yajya




Glimpses of Bahu Kundiya Yajya : Day 7 of **Arya Samaaj Sthapna Saptah**



Principal ma'am and arya yuvati parishad performing the yajya along with members of Arya Mandir




Principal Ma'am , Ms. Meenu Sharma Ji Addressing gathering and delivering vote of thanks on Day 7 of Arya Samaaj Sthapna Saptah



Shri Satyendra Mohan Kumar Ji addressing at Arya Samaaj Mandir, Sector-6 Karnal




Shri Anand Arya ji , President Arya Kendriye Sbha highlighted the contribution of Arya Samaaj towards Upliftment of society.




Respected Principal ma'am , Ms Meenu Sharma Ji honoring the guests with mementos




Respected Principal ma'am , Ms Meenu Sharma Ji honoring the senior most dedicated member of Arya Mandir

# Media Coverage of  Day 7 of Arya Samaaj Sthaapna Saptah

## ARYA SAMAJ FOUNDATION WEEK



**Karnal:** Arya Samaj Foundation Week was celebrated with enthusiasm and devotion at Kumari Vidyavati Anand DAV College for Women by the Arya Yuvati Parishad. The week-long programme aimed to develop students' understanding of Vedic values, highlight the role of Arya Samaj in promoting women's education and empowerment, and underline its contribution to nation-building. Organised under the guidance of Principal Meenu Sharma, the event featured a range of academic and cultural activities with active student participation. The programme began with a "Go Green" welcome for the principal by committee members. Addressing the gathering, the principal encouraged students to actively participate not only in academics but also in social work, urging them to play a meaningful role in nation-building.

PUNJAB KESARI PANIPAT, Thursday, 26 March 2026

## आर्य समाज से प्रेरणा लेकर जीवन, परिवार, समाज व देश के विकास में योगदान

करनाल, 25 मार्च (वर्मा): कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद के सौजन्य से आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। 19 मार्च को 'भारत के विकास में आर्य समाज के योगदान' विषय पर डॉ. सुनीता द्वारा विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया और 'वैदिक भजन संध्या एवं नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

20 मार्च को वैदिक भजन संध्या और नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

21 मार्च को ऑनलाइन नारा लेखन प्रतियोगिता, 22 मार्च को पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता, 23 मार्च को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।



आर्य समाज सैक्टर-6 में बहुकुंडीय यज्ञ के दौरान साधक।

24 मार्च को भाषण प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया और सभी प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

25 मार्च को आर्य समाज सैक्टर-6 में बहुकुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में आर्य समाज के प्रधान प्रो. आनंद आर्य और सत्येंद्र मोहन कुमार मौजूद रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने मुख्यातिथियों को हरियाली का प्रतीक पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया और कहा कि आर्य समाज का देश और समाज के उत्थान में विशेष योगदान रहा है।

मुख्यातिथि और प्राचार्या के मार्गदर्शन में यज्ञ का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आर्य समाज से प्रेरणा लेकर अपने जीवन, परिवार, समाज और देश के विकास में योगदान करना चाहिए। प्राचार्या ने मुख्यातिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

आर्य युवती परिषद की संयोजिका डॉ. सुनीता, डॉ. स्वाति शर्मा और सदस्याओं डॉ. ईशा, अंशुल, डॉ. सीमा, डॉ. रीतु, विजेता, डॉ. सौम्या, नीलम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

दैनिक भास्कर करनाल भास्कर 26-03-2026

## आर्य समाज का स्थापना सप्ताह समारोह मनाया



करनाल। कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद के सौजन्य से आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह मनाया गया। सप्ताहभर चले इस कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। समारोह का समापन 25 मार्च को आर्य समाज सेक्टर-6 में बहुकुंडीय यज्ञ के साथ हुआ, जो आर्य रत्न पूनम सूरी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। आर्य समाज के प्रधान प्रो. आनंद आर्य और सत्येंद्र मोहन कुमार शिरकत की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य मीनू शर्मा, आर्य युवती परिषद की संयोजिका डॉ. सुनीता व डॉ. स्वाति शर्मा मौजूद रही।

# Report on Seven-Day Arya Samaj Foundation Week (19 March - 25 March 2026)

Arya Samaj Foundation Week was celebrated under the guidance of Principal by the Arya Yuvati Parishad of Kumari Vidyavati Anand D.A.V College for Women, Karnal from 19 March to 25 March 2026, with great enthusiasm and devotion. The purpose of this week -long program was to develop an understanding among students about Vedic values, role of Arya Samaj in promoting women's education and empowerment and the contribution of Arya Samaj to nation-building. Organized under the guidance of the college principal, Mrs. Meenu Sharma, various academic and cultural activities were conducted with active participation.The principal addressed the students, in which she spoke about the history of Arya Samaj and inspired students towards moral values, discipline, and social responsibility. She encouraged students to take active part not only in academics but also in social work and to play an important role in nation-building.

On 19 March 2026, Dr. Sunita, the convener of Arya Yuvati Parishad, delivered a detailed lecture on the topic “Contribution of Arya Samaj in the Development of India.” In her address, she highlighted the significant role of Arya Samaj in promoting education, social reform, and national consciousness. She explained that the ideas of Maharshi Dayanand Saraswati guided society away from superstition and encouraged people to follow the path of truth and rational thinking. She also emphasized Arya Samaj’s contribution to women’s education, eradication of caste discrimination, and promotion of the Swadeshi spirit.

The same day in the evening, a Vedic bhajan sandhya and an anti-drug pledge ceremony were organized, which continued on 20 March as well. From 21 to 23 March, online competitions, slogan writing, poster making, and essay writing were conducted, with enthusiastic participation from students. The aim of these competitions is to familiarize students with the ideas of Maharshi Dayanand Saraswati and the role of Arya Samaj in India’s freedom struggle. The judges for the slogan writing and poster making competitions were Dr. Sangeeta Gaurang and Dr. Sushma Thakur. On 24 March, an offline speech competition on the topic “Contribution of Arya Samaj in the Field of Women’s Education” along with a prize distribution ceremony was organized. The judging panel for the essay writing and speech competitions comprised Dr. Anju Narwal and Dr. Poonam Kundu. Around 150 students participated enthusiastically in these competitions. The final results of the competitions are as follows: in the online slogan writing competition, Priya secured first position, Dimple second, Yashika third, and Nandini fourth.

In the online poster making competition, Tamanna secured first position, Prerna second, and Jashanpreet third.

In the online essay writing competition, Preeti secured first position, Lovely second, and Anu third.

In the offline speech competition, Tushali secured first position, Lovely second, and Chinky third. The winners were honored with certificates and cash prizes.

At the end of the event, the principal extended a "Go Green" welcome and thanks to the judges along with committee members.

The week-long programme culminated on 25 March with a Bahu-kundiya Havan at Arya Samaj, Sector-6, Karnal, organized on the occasion of the birth anniversary of Dr. Poonam Suri Ji. The chief guests for the occasion were Shri Satyendra Mohan Kumar Ji (Patron of Arya Kendriya Shbha, Karnal) and Prof. Anand Singh Arya Ji (President Arya Kendriya Shbha, Karnal).The principal of the college, Mrs Meenu Sharma, welcomed the chief guests by presenting them with a sapling as a symbol of greenery.

She highlighted the significant contribution of Arya Samaj towards the upliftment of society and the nation, and emphasized that the practice of daily Havan in Arya Samaj also contributes to environmental protection. The Havan was conducted under the guidance of the chief guests and the Principal. Addressing the students, the chief guest encouraged them to take inspiration from Arya Samaj and contribute to the development of their lives, families, society and the nation.

The Principal honored the chief guests by presenting them with mementos and delivered the vote of thanks.

The program was successfully conducted under the guidance of Dr. Sunita, convenor and
Dr. Swati Sharma, co-convenor of Arya Yuvati Parishad, with the active support of faculty members Dr. Isha, Mrs. Anshul, Dr. Seema Rani, Dr. Ritu, Dr. Neelam, Ms. Vijeta, and Dr. Saumya.

The event concluded successfully under the able guidance of the Principal.